>

Title: Shortage of water in Pali district and other parts of Rajasthan.

MR. CHAIRMAN: Only one Member has been left in the 'Zero Hour', Shri Badri Ram Jakhar. Shri Jakhar, I give you two minutes' time to express your views.

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद करता हूँ और सदन को प्रणाम करता हूँ।

मेरे संसदीय क्षेत्र पाली एवं पूरे राजस्थान में पानी की बहुत कमी है। पानी का संकट काफी गहराता जा रहा है। इससे काफी कठिनाइयाँ आ रही हैं। भूमिगत जल-स्तर नीचे गिरता जा रहा है जिसके कारण सिंचाई एवं पीने के पानी की कमी होती जा रही है। भूक्षरण, जल अवरोध और भूजल के नीचे खिसकने से सिंचाई में किसानों को संकट का सामना करना पड़ रहा है।

महोदय, मैं आपको सदन के माध्यम से बताना चाहता हूँ कि पिछले पचास सालों में 43 बार अकाल पड़ा है। इससे मही बाँध का पानी पहले 50 एमटी गुजरात में जाता था जो अब नर्मदा में मिल गया है। इस कारण अब 50 एमटी पानी बेकार जा रहा है। अगर मही बांध का पानी जवाई बांध में लाया जाए तो किसान आपके बहुत आभारी होंगे। मेरी सरकार से मांग है कि मानसी वाकल नदी का पानी पांच किलोमीटर की सुंग से जवाई बांध में लाया जाए और 50 एमटी पानी मही बांध से जवाई बांध में लाया जाए। इससे किसानों को बहुत फायदा मिलेगा और पीने के पानी की कोई कमी नहीं रहेगी।

आज पानी की जो समस्या है, जनता ने आपसे जो उम्मीद की है, मैं सरकार को ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि पानी के लिए हमारा एरिया राजस्थान बहुत पिछड़ रहा है। इसलिए मैं आपसे रिक्वैस्ट और मांग करता हूँ कि हमारे एरिया में पानी की व्यवस्था करें। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet on Monday, the 7th December, 2009 at 11 a.m.

18.04 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Monday, December 7, 2009/Agrahayana 16, 1931 (Saka).

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil

* English translation of the speech originally delivered in Tamil

* English translation of the speech originally delivered in Tamil

* Not recorded

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 04.12.09

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 04.12.09